Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006
Participants : Khaire Shri Chandrakant Bhaurao

>

Title: Alleged irregularities in distribution of petroleum products by Indian Oil Corporation in Nasik, Maharashtra.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद,महाराट्र) : महोदय, मैं आपके माध्यम से बहुत गंभीर विाय की ओर माननीय पेट्रोलियम मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन कम्पनी का पानेवाड़ी, मनमाड़ जिला नासिक (महाराट्र) के रिफिलिंग प्लांट से पेट्रोल, डीजल और केरोसीन तेल के वितरण में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिली है। वितरण प्लांट से हमारे मराठवाड़ा में यानी नांदेड़ परभनी तक वहां से टैंकर भरे जाते हैं और पूरे उत्तर भारत में जाते हैं। 12000 लीटर का एक टैंकर होता है, उसमें 44 लीटर तक कम केरोसीन आता है। 12000 लीटर डीजल और पेट्रोल के टैंकर में 32 लीटर कम होता है, ऐसा वेट एंड मेजरमेंट वालों ने पकड़ा है। महाराट्र के वेट एंड मेजरमेंट के डायरेक्टर जनरल ने भी इस बात को पकड़ा है और 1987 के एक्ट के अनुसार 17 अगस्त को मनमाड़ में एफआईआर दर्ज की है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि इन लोगों ने इतनी गड़बड़ी की है कि आज तक करोड़ों रुपयों का घपला इंडियन ऑयल के सारे आफिसर्स, जो वहां मौजूद हैं, ने किया है। उसके बाद मैंने माननीय मंत्री जी को पत्र के माध्यम से सारी स्थिति से अवगत भी कराया था। बाद में बहुत दिनों तक सारे पम्प वालों को पेट्रोल और डीजल सही मात्रा में मिलने लगा, लेकिन उसके बाद फिर पहले वाली हालत हो गई। हमारे यहां एमएसआरटीसी बस चलती है, उनके कार्पोरेशन में भी डेढ़ करोड़ रुपयों का घाटा इसी कारण से हुआ है। हमारे यहां के कलेक्टर और दूसरे अधिकारियों ने फिर इसकी जांच की और फिर उनके ऊपर एक बार एफआईआर दर्ज की और विधान सभा में इस बात की चर्चा हुई, तो 50 हजार रुपयों का जुर्माना इंडियन ऑयल कार्पोरेशन पर हुआ। अगर सैंट्रल गवर्नमेंट का कार्पोरेशन ऐसा करता है,[MSOffice32]

उपाध्यक्ष महोदयः आपकी क्या डिमांड है?

श्री चंद्रकांत खैरे : बचत किया हुआ सामान कहां गया? यह एक बहुत बड़ा स्कैंडल है। मैं मांग करता हूं कि इसकी अलग से जांच हो और जिन्होंने यह घपला किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता श्री चेतन कामले ने पूर्व में इस ओर ध्यान दिलाया था । अब वह अनशन पर बैठने वाला है। इस घपले से सभी लोगों को बहुत नुकसान हो रहा है। आपको इसका ख्याल रखना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।